**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।**

**प्रश्न** | **उत्तर**

10 (क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-वाराणसी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 01 जनवरी, 2024 तक स्वास्थ्य संबंधी कार्यो हेतु कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है और उनको किन-किन अधिकारियों द्वारा सत्यापित किया गया है?

जनपद-वाराणसी के विभिन्न चिकित्सालयों हेतु दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 01 जनवरी, 2024 तक स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यों हेतु कुल रूपये 1,01,03,65,191/- (एक अरब एक करोड तीन लाख पैंसठ हजार एक सौ इक्यानवे मात्र) आवंटित की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

(धनराशि रूपये में)

| क्र0सं0 | चिकित्सालय का नाम | दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 01 जनवरी, 2024 तक आवंटित की गयी धनराशि | |
|---|---|---|---|
| | | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन0एच0एम0) |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | एस0एस0पी0जी0 मण्डलीय जिला चिकित्सालय, वाराणसी | 10,17,66,816 | 2,85,08,586 |
| 2 | जिला महिला चिकित्सालय, वाराणसी | 3,35,09,319 | 3,41,77,908 |
| 3 | पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी | 28,74,44,213 | 3,47,96,760 |
| 4 | मुख्य चिकित्साधिकारी, वाराणसी | 1,93,65,674 | 24,32,76,926 |
| 5 | लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर, वाराणसी | 4,79,69,858 | 1,22,91,052 |
| 6 | मानसिक चिकित्सालय, वाराणसी | 12,67,46,160 | 4,05,11,919 |
| **धनराशि योग** | | **61,68,02,040** | **39,35,63,151** |
| **महायोग** | | **1,01,03,65,191/-** | |
| **एक अरब एक करोड तीन लाख पैंसठ हजार एक सौ इक्यानवे मात्र** | | | |

उक्त आवंटित धनराशियों का सत्यापन सम्बन्धित चिकित्सालय के निदेशक/प्रमुख अधीक्षक/ चिकित्सा अधीक्षक/प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका द्वारा किया गया है।

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

उपरोक्तानुसार।

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रश्न नहीं उठता।

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री